# ग्राम विकास योजना मालनी भाग–05

स्थान–वन परिक्षेत्र सोहागपुर (सामान्य) कक्ष क्रमांक:–पी.एफ 188

परिचय :–

(2018–2019)

वनग्राम मालनी मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व होशंगाबाद के अंतर्गत बोरी अभ्यारण्य के परिक्षेत्र चूरना के आरक्षित वन क्षेत्र में स्थापित ग्राम है। इस ग्राम के विस्थापन एवं पुनर्वास का निर्णय वर्ष 2016–17 में ग्रामीणों (भाग 5) की आम सहमति से किया गया। वनग्राम मालनी में 06 भाग है। जिसमें से पहले भाग द्वारा वन परिक्षेत्र सामान्य सोहागपुर के कक्ष क्रमांक पी.एफ.–187, में दूसरा भाग द्वारा वन परिक्षेत्र सुखतवा के कक्ष क्रमाक 154, मे तीसरे भाग द्वारा वन परिक्षेत्र सामान्य सोहागपुर के कक्ष क्रमांक पी.एफ. –233, चौथे भाग द्वारा वन परिक्षेत्र इटारसी कक्ष क्रमांक 177, मे पाचवे भाग द्वारा वन परिक्षेत्र सामान्य सोहागपुर के कक्ष क्रमांक पी.एफ.–188 में छटवे भाग द्वारा वन परिक्षेत्र सुखतवा के कक्ष क्रमाक 187 मे निवास हेतू सहमति दी गई है।

श्रीमान कलेक्टर महोदय होशंगाबाद के आदेश क्रमांक 7019 दिनांक 26.05. 2017 के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी की अध्यक्षता में पात्रता समिति गठित की गई, गठित समिति द्वारा दिनांक 29.05.2017 को 272 व्यक्तियों की प्रथम सूची अनुमोदित की गई जिसमें से 245 हितग्राहियों को पात्र पाया गया, 25 हितग्राही अपात्र तथा 02 हितग्राहीयो मेडिकल परीक्षण कर आयु सत्यापन के लिये नामित किये गये। पात्रता की द्वितीय सूची 09.06.2018 को 103 व्यक्तियों की अनुमोदित की गई जिसमें से 85 हितग्राहियों को पात्र पाया गया, 18 हितग्राही अपात्र नामित किये गये। श्रीमान कलेक्टर महोदय द्वारा ग्रामीणों के पात्रता निर्धारण हेतु समिति गठन दिनांक 26.05.2017 से मानकर की गई है। उक्त पात्र 103 हितग्राहियों की द्वितीय सूची में से 18 हितग्राहियों को वन परिक्षेत्र साहोगपुर के कक्ष क्रमांक –188 में बसाया जा रहा है।

मालनी भाग–05 के कुल 18 हितग्राहियों में से 07 हितग्राहियों द्वारा विकल्प–1 (नगद) के तंहत तथा 11 हितग्राहियों द्वारा विकल्प–2 (जमीन) के तहंत स्वीकृति दी गई। विकल्प–2 के इन 11 हितग्राहियों को इनकी सहमति के अनुसार वन परिक्षेत्र सोहागपुर सामान्य के कक्ष क्रमांक पी.एफ.–188 में बसाया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा वनग्राम मालनी के विस्थापन/पुनर्वास हेतु उपलब्ध कराये गये बजट में से वनग्राम मालनी भाग–05 के 18 परिवारों के लिये 01.80 करोड़ बजट का प्रावधान है ।

